इतिहास कक्षा 10वीं

अध्याय - 7

''मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनियाँ''

याद रखने की बातें :-

1. सन् 1448 में गुटेनबर्ग ने बाइबिल को छापा।
2. सन् 1508 में इरैस्मस ने एडेजेज पुस्तक छापी।
3. सन् 1517 में मार्टिन लूथर ने धर्म सुधार पर 95 थिसिस लिखी।
4. भारत में प्रेस का जनक - जेम्स ऑगस्टस हिकी ने 1780 में बंगाल गजट का संपादन शुरू किया।
5. सन् 1820 में कलकत्ता सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस कन्ट्रोल बिल पास किया।
6. सन् 1821 में राजाराममोहन राय ने संवाद कौमुदी छापी।
7. सन् 1822 में गुजराती समाचार पत्र मुंबई में छापा गया।
8. पांडुलिपियां यह हस्तलिखित लेख होते थे, इन्हें ताड़ के पत्तों पर लिखा जाता था।
9. खुशनसीवी - सुलेखन, हाथ से बड़े सुंदर-सुडौल अक्षरों में कलात्मक रूप से लिखना।
10. डायमंड सूत्र - जापान की सबसे पुरानी 868 में छपी पुस्तक।
11. वेलम जानवरों के चमड़े से बनी लेखन की सतह।
12. प्लाटेन -लेटरप्रेस छपाई में एक बोर्ड जिसे कागज के पीछे दबाकर टाइप की छाप ली जाती थी।
14. कम्पोजीटर-छपाई के लिए इबारत कम्पोज करने वाला व्यक्ति।
15. गैली - धातुई फ्रेम- जिसमें टाइप बिछाकर इबारत बनाई जाती थी।
16. गाथा - गीत- लोकगीतों का ऐतिहासिक आख्यान् जिसे गाया या सुनाया जाता था।

17. इन्क्वीजीशन (धर्म अदालत) - विधर्मियों की शिनाख्त करने और सजा देने वाली रोमन कैथोलिक संस्था।

18. निरंकुशवाद - राजकाज की ऐसी व्यवस्था, जिसमें किसी एक व्यक्ति को बिना कानूनी और संवैधानिक पाबंदी के संपूर्ण शक्ति प्राप्त हो।

18. उलेमा - इस्लामी कानून और शरिया के विद्वान।

19. फतवा - असंमजस की स्थिति में इस्लामी मुफ्ती के द्वारा की जाने वाली वैधानिक घोषणा।

20. पंचांग - चाँद, सूरज की गति और लोगों के दैनिक जीवन से जुड़ी जानकारी देने वाला वार्षिक प्रकाशन।

21. 1878 में वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट लागू किया गया।

1 अंक वाले लघु प्रश्न :-

1. यूरोप में पहली प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया ?
2. कौन सा धर्म सुधारक प्रोटेस्टेट धर्म सुधार के लिए उत्तरदायी था ?
3. गुटेन्बर्ग द्वारा छापी पहली पुस्तक कौन सी थी ?
4. पुस्तकों का पेपर ब्रेक संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?
5. इंग्लैंड में फेरीवालों के द्वारा एक पैसे में बिकने वाली किताबों को क्या कहा जाता था ?
6. कौन-सा पढ़ने का साधन विशेषकर नारियों के लिए था ?
7. 1878 का वर्नाक्युलर एक्ट किस तर्ज पर बना था ?
8. जापान की सबसे पुरानी छपी पुस्तक का नाम क्या था ?
9. किस देश में मुद्रण की तकनीक सबसे पहले विकसित हुई ?
10. 'मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है' यह शब्द किसने कहा था ?
11. किसने शक्ति चालित बेलनाकार प्रेस को कारगर बनाया ?

12. वुडब्लॉक प्रिंटिंग की तकनीक यूरोप में कौन लाया ?

13. मुद्रण की सबसे पहली तकनीक किन देशों में विकसित हुई ?

14. भारत में छपाई की तकनीक कब और कौन लाया ?

15. 1871 में गुलामगिरी पुस्तक किसने लिखी ?

16. तुलसीदास के रामचरितमानस का पहला मुद्रित संस्करण कब और कहाँ छपा ?

17. दो फारसी अखबारों के नाम लिखो जो 1882 में प्रकाशित हुए ?

लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 3/5 अंक वाले :-

1. ''वुड ब्लॉक (काठ की तख्ती) वाली छपाई यूरोप में 1295 के बाद आई'' इस कथन को स्पष्ट करो ?

2. नई मुद्रण की खोज यूरोप के सभी भागों में क्यों फैल गई ? कारण बताइए ?

3. मुद्रण संस्कृति ने फ्रांसीसी क्रान्ति लाने में क्या भूमिका निभाई ?

4. पाण्डुलिपियाँ क्या हैं ? इनके प्रयोग की सीमाएँ क्या थीं ?

5. मुद्रण ने किस प्रकार समुदायों और भारत के विभिन्न भागों में रहने वाले लोगों को जोड़ने का कार्य किया था ?

6. मुद्रण संस्कृति ने भारत में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए किस प्रकार योगदान दिया ?

7. मुद्रित किताबें अशिक्षित लोगों के बीच लोकप्रिय क्यों हुईं ?

8. भारत में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट जारी करने के कारण बताइए ?

9. रोमन कैथोलिक चर्च के विभाजन में मुद्रण संस्कृति की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ?

10. 19वीं सदी में महिलाओं द्वारा पढ़ने के चलन के प्रति लोगों का क्या रवैया था ? महिलाओं की इस संदर्भ में क्या प्रतिक्रिया थी ?

11. ऐसे तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनसे मुद्रित किताबों तक आम आदमी की पहुँच बढ़ी ?

उत्तरमाला

1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. योहान गुटेन्बर्ग
2. मार्टिन लूथर
3. बाइबिल
4. महामन्दी की शुरूआत में
5. चैपबुक्स
6. पेनी मैग्जीन्स
7. आईरिश प्रेस कानून
8. डायमंड सूत्र
9. चीन
10. मार्टिन लूथर
11. रिचर्ड एम हो
12. मार्को पोलो
13. चीन, जपान, कोरिया
14. 16वीं शताब्दी, पुर्तगाली
15. ज्योतिबा फूले
16. कलकत्ता 1810
17. जाम-ए-जहाँ नामा, शम्सुल अख़बार

लघु/दीर्घ 3/5 अंक के प्रश्नों के उत्तर :-

1. वुडब्लॉक वाली छपाई यूरोप में 1295 ई के पश्चात् आई क्योंकि -
   (1) यह तकनीक पहले चीन के पास थी।
   (2) मार्को पोलो यह ज्ञान अपने साथ लेकर लौटा
   (3) मार्को पोलो ने यूरोप को वुडब्लॉक से अवगत कराया।
   (4) यह तकनीक यूरोप में फैल गई।

2. (1) किताबों की बढ़ती माँग हस्तलिखित पांडुलिपियों से पूरी नहीं हो रही थी।
   (2) पांडुलिपियाँ नाजुक थीं, उनके रखरखाव में तमाम मुश्किलें थीं।
   (3) नकल उतारना बेहद खर्चीला था।
   (4) इनका (पांडुलिपियों) चलन सीमित था।
   (5) किताबों की बढ़ती माँग के कारण वुडब्लॉक प्रिंटिंग लोकप्रिय हो गयी।

3. (1) छपाई के चलते विचारों का प्रसार, उनके लेखन ने परंपरा, अविश्वास और निरकुंशवाद की आलोचना की।
   (2) रीति-रिवाजों की जगह विवेक के शासन पर बल दिया।
   (3) चर्च की धार्मिक और राज्य की निरकुंश सत्ता पर हमला।
   (4) छपाई ने वाद-विवाद की नई संस्कृति को जन्म दिया।

4. हाथों से लिखी पुस्तकों को पांडुलिपियाँ कहते हैं।
   (1) किताबों की बढ़ती माँग, पांडुलिपियों से पूरी नहीं होने वाली थी।
   (2) नकल उतारना बेहद खर्चीला, समय अधिक लगना, माँग पूरी ना होना।
   (3) ये बहुत नाजुक होती थीं। रखरखाव में, लेने ले जाने में मुश्किल आती थी।

(4) उपरोक्त समस्याओं की वजह से उनका - आदान-प्रदान मुश्किल था।

5. (1) मुद्रित प्रणाली ने नए विचारों के विकास, प्रसार और अभिव्यक्ति हेतु एक नए प्लेटफार्म का विकास किया।

(2) मुद्रित प्रणाली संचार का सबसे सस्ता और सरल साधन था।

(3) ये भारत के लोगों की समस्या को उजागर करते थे।

(4) धार्मिक पुस्तकें बड़ी तादाद में व्यापक जन समुदाय तक पहुँच रही थी।

(5) अखबार भारतीय मूल के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक समाचार पहुँचाते थे।

6. (1) दमनकारी नीति के बावजूद राष्ट्रवादी अखबार देश के हर कोने में बढ़ते-फैलते गए।

(2) उन्होंने औपनिवेशिक कुशासन के बारे में लिखा।

(3) पंजाब के क्रांतिकारियों को गिरफ्तार करने पर बाल गंगाधर तिलक ने अपना केसरी समाचार पत्र छापा।

(4) पंजाब तथा देश के अन्य भागों में राष्ट्रीय आंदोलन को बल मिला।

(5) बाल गंगाधर तिलक को गिरफ्तार करने का पूरे भारत में विरोध हुआ।

7. (1) जो लोग पढ़ नहीं पाते थे वे भी बोलकर पढ़ने वाले लोगों को सुनकर खुश होते थे।

(2) लोकगीत और कथाओं का छपना।

(3) सचित्र किताबों का छपना।

(4) इन्हें ग्रामीण सभाओं में, शहरी शराबखानों में गाया सुनाया जाता था।

8. (1) जब किसी रिपोर्ट को बागी करार दे दिया जाता था तो उसे छपने से पूर्व चेतावनी दी जाती थी और ना मानने पर प्रिंटिंग प्रेस ज़ब्त कर ली जाती थी।

(2) भारत में अखबार के माध्यम से बढ़ रहे राष्ट्रवाद अर्थात् ब्रिटिश विरोधी विचारधारा के नियंत्रण के लिए।

(3) भारत में छपने वाले सभी देशी अखबारों के प्रकाशन पर नज़र रखने के लिए।

9. (1) मार्टिन लूथर ने रोमन कैथोलिक की कुरीतियों की आलोचना करते हुए 95 स्थापनाएं लिखी।

(2) इसकी एक छपी प्रति विटेनबर्ग के गिरजाघर के दरवाजे पर टाँगी गई।

(3) लूथर के लेख बड़ी तादाद में छापे गए।

(4) नतीजा चर्च का विभाजन हो गया और प्रोटेस्टेंट धर्म सुधार की शुरूआत हुई।

10. (1) उदारवादी पिता और पति अपने यहाँ औरतों को घर पर पढ़ाने लगे।

(2) शहरों में छोटे-छोटे स्कूल खुले तो उन्हें स्कूल भेजने लगे।

(3) बागी औरतों ने इन प्रतिबंधो को अस्वीकार कर दिया।

11. (1) मद्रास में सस्ती किताबें चौक-चौराहों पर बेची जा रही थी। अब गरीब लोग भी उन्हें खरीद सकते थे।

(2) सार्वजनिक पुस्तकालय खुलना, शहरों, कस्बों तथा संपन्न गाँवों में।

(3) पुस्तिकाओं और निबंधो में जातिगत भेद के बारे में लिखना।

(4) मजदूरों में साक्षरता आए, नशाखोरी कम हो।

(5) राष्ट्रवाद का संदेश आम आदमी तक पहुँच रहा था।